# तीन दिवसीय बीएचईएल अन्तर इकाई कैरम प्रतियोगिता संपन्न

**प्रतियोगिता**

**8 अन्तर इकाई कैरम प्रतियोगिता में बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों की टीमों ने भाग लिया**

**हरिद्वार**
बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय बीएचईएल अन्तर इकाई कैरम प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों की टीमों ने भाग लिया। सेक्टर-2 स्थित खेल भवन में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक




निदेशक प्रवीण चन्द्र झा तथा विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (प्रभारी) सीएफएफपी वीके रायजादा थे।
प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्पधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बीएचईएल बंगलुरू ने बीएचईएल त्रिची को हराकर पुरुष वर्ग की चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुष एकल वर्ग में त्रिची के ए. गुनाशीलन विजेता तथा त्रिची के वी. कुमार उप विजेता रहे। महिला एकल वर्ग में दिल्ली की चित्रा मार्तोलिया ने बंगलुरू की सुधामणि को हराकर खिताब पर कब्जा किया। वहीं महिला डबल्स वर्ग में बंगलुरू की सुधामणि एवं रश्मि ने दिल्ली की चित्रा मार्तोलिया एवं सीमा खत्री को मात दी।
इस अवसर पर विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक मतभेदों को दूर करने और सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ करने की क्षमता होती है।

# नए वित्तीय वर्ष के बजट के लिए प्रदेश सरकार ने जनता से मांगे सुझाव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार ने राज्य के वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया, राज्य का बजट जनता का बजट होगा। बजट को जनता के सुझाव पर जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाएगा।
नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के लिए प्रदेश सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। बजट को जनभावनाओं के अनुरूप बनाने के लिए सरकार ने बजट पर आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। 10 जनवरी 2024 तक कोई भी व्यक्ति बजट पर अपने सुझाव वेबसाइट, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से सरकार को भेज सकते हैं। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया, राज्य का बजट जनता का बजट होगा। बजट को जनता के सुझाव पर जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाएगा। प्रदेश



सरकार ने राज्य के वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारियां शुरू कर दी हैं।
कहा, प्रदेश का आम बजट बनाने में कुछ सुधार शुरू किए हैं। इसमें विभिन्न विभागों व सार्वजनिक संस्थाओं में कार्यरत मानव संसाधन की सटीक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया। पहली बार विभागाध्यक्ष के स्तर पर आईएफएमएस पोर्टल पर स्वीकृत व कार्यरत पदों का पूर्ण विवरण भरने के बाद ही बजट की मांग करने का प्रावधान किया है।

**बजट पर हितधारकों के साथ किया जाएगा संवाद**

अग्रवाल ने बताया, सचिव स्तर पर विभाग में संचालित योजनाओं के लिए जेंडर बजट का प्रावधान करने की व्यवस्था की गई है।

# व्हाट्सएप चालू करने के चक्कर में चार लाख गंवाए, केस दर्ज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
व्हाट्सएप चालू कराने के चक्कर में चार लाख रुपये गंवाने के एक मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।
गुरुवार को पुलिस प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाकले रोड एफआरआई निवासी वेदपाल सिंह ने कैंट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 9 दिसम्बर को लगभग 12 बजे वह अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप बन्द हो जाने के कारण व्हाट्सएप चालू करवाने के लिए टोल फ्री नम्बर सर्च कर रहा था। तभी टोल फ्री नम्बर के साथ एक नम्बर भी



आया। उसने इस नम्बर पर कॉल किया व अपना व्हाट्सएप बन्द/चालू करने को बताया। जिस पर सामने वाले ने समस्या से सम्बन्धित जानकारी हासिल करने के साथ आधार कार्ड नम्बर व अन्य जानकारी ले ली। दो अन्य नम्बर पर भी उन्होंने बात की। शाम 5 बजे तक उनके खाते से चार लाख से अधिक राशि निकाल ली गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बेस्ट टूरिज्म विलेज एवं बेस्ट रूरल होम स्टे प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए 31 तक आवेदन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुरेश सिंह यादव ने बताया कि केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता एवं बेस्ट रूरल होम स्टे प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 2023 में बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के अन्तर्गत पिथौरागढ़ के सरमोली गांव को राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट टूरिज्म विलेज चयनित किया गया था।

# कोविड से निपटने को उत्तराखंड में पर्याप्त इंतजाम

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में देशभर के स्वास्थ्य मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय मंत्री ने कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर सभी राज्यों को तत्काल कदम उठाने, निगरानी बढ़ाने तथा लोगों से प्रभावी संवाद स्थापित करने को कहा है।
स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि कोविड महामारी से निपटने के लिए उत्तराखंड में पर्याप्त इंतजाम है। किसी भी चुनौती से निपटने को स्वास्थ्य विभाग तैयार है। वर्तमान में 5893 ऑक्सीजन सपोर्ट आईसोलेशन बेड, 31 सौ से अधिक प्रशिक्षित पैरामेडिकल



स्टाफ उपलब्ध है।
बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में देशभर के स्वास्थ्य मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय मंत्री ने कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर सभी राज्यों को तत्काल कदम उठाने, निगरानी बढ़ाने तथा लोगों से प्रभावी संवाद स्थापित करने को कहा है।
उन्होंने किसी भी प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए आपसी तालमेल के साथ कार्य करने की जरूरत है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड की तैयारियों का ब्योरा रखा।
उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने को पूरी तरह से तैयार है। सभी जिलों के डीएम व सीएमओ को सरकार की ओर से कोविड को लेकर जरूरी दिशानिर्देश जारी किए गए। इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 जैसे सांस संबंधी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अस्पतालों में अधिक से अधिक संख्या में आरटीपीसीआर व एंटीजन जांच करने के निर्देश दिए गए। अभी तक राज्य में कोविड के वेरिएंट का कोई मामला सामने नहीं आया है।

**न्यूज फ्लैश**

## नैनीताल एसएसपी ने किये 19 पुलिस अधिकारियों के तबादले, निलंबित कोतवाल भी बहाल

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल जनपद के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कई थानों व चौकी प्रभारियों सहित कुल 19 पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिये हैं। साइबर सेल प्रभारी को बदल दिया गया है, जबकि काफी समय के बाद एसओजी को भी नया प्रभारी मिला है। वहीं रामनगर के निलंबित कोतवाली प्रभारी अरुण सैनी बहाल कर दिए गए हैं। भीमताल और काठगोदाम के प्रभारी बदले गए हैं।
एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की ओर से जारी आदेश के अनुसार हल्द्वानी कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी को तबादला करते हुए प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ भेजा है। साइबर सेल प्रभारी उमेश कुमार मलिक को हल्द्वानी कोतवाली का प्रभार दिया है। इसके अलावा रामनगर के निलंबित कोतवाली प्रभारी अरुण सैनी को फिर से बहाल करते हुए रामनगर कोतवाली प्रभारी बनाया गया है।
इनके अलावा निरीक्षक हेम चन्द्र पंत को पुलिस लाइन से प्रभारी साइबर सेल चुनाव प्रकोष्ठ भेजा गया है। उप निरीक्षक विजय पाल प्रभारी एसओजी से थाना हल्द्वानी भेजे गए हैं। उप निरीक्षक अनीस अहमद को प्रभारी चौकी बैलपड़ाव से बदलकर प्रभारी एसओजी बनाया गया है। विरेंद्र सिंह बिष्ट थानाध्यक्ष भीमताल को थाना मुखानी ट्रांसफर किया गया है। उपनिरीक्षक जगदीप सिंह नेगी को प्रभारी चौकी मंगलपड़ाव से थानाध्यक्ष भीमताल बनाकर भेजा गया है।
इसके साथ ही उप निरीक्षक प्रकाश पोखरियाल प्रभारी चौकी गर्जिया से अब प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव बनाए गए हैं। उप निरीक्षक राजवीर सिंह नेगी को थाना काठगोदाम से प्रभारी चौकी गर्जिया ट्रांसफर किया गया है। उपनिरीक्षक त्रिभुवन सिंह प्रभारी चौकी गन्ना सेंटर, हल्द्वानी के बदले अब थाना भीमताल की जिम्मेदारी संभालेंगे। उप निरीक्षक पंकज जोशी पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी गन्ना सेंटर, हल्द्वानी बनाए गए हैं। उप निरीक्षक जसबीर सिंह प्रभारी चौकी सलडी से थाना कालाढूंगी लाए गए हैं। उप निरीक्षक विजय कुमार प्रभारी चौकी धारी से प्रभारी चौकी सलडी बनाए गए हैं। उपनिरीक्षक अरुण सिंह राणा थाना भीमताल से प्रभारी चौकी धारी भेजे गए हैं। महिला उपनिरीक्षक सुनीता कुंवर प्रभारी महिला एवं बाल हेल्पलाइन हल्द्वानी को थाना काठगोदाम ट्रांसफर किया गया है। महिला उपरीक्षक लता खत्री थाना काठगोदाम को प्रभारी महिला एवं बाल हेल्पलाइन हल्द्वानी भेजा गया है।

# गोपेश्वर महाविद्यालय में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**संभावनाएं**

**8 छात्र-छात्राओं के पास परंपरागत रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के गोपेश्वर महाविद्यालय में गुरुवार को उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक और अध्यनरत छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता, स्थानीय



स्तर पर उद्यमिता की संभावनाएं और देवभूमि उद्यमिता योजना का महाविद्यालय-स्तर पर क्रियान्वन के संबंध में अवगत करना था।
कार्यक्रम में उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. रोहित वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं के पास परंपरागत रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं जिससे व्यक्ति स्वरोजगार के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सके।
उन्होंने देवभूमि उद्यमिता योजना के उद्देश्य जैसे छात्र-छात्राओं में उद्यमशीलता का विकास, नवाचार और उद्यम में संभावनाएं, स्थानीय-समस्याओं का निराकरण आदि को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना के अगले चरण में बूट-कैंप में चयनित छात्र-छात्राओं के उद्यम संबंधी विचारों को चयनित कर प्रस्तावित मेगा-स्टार्टअप में भेजा जाएगा, जहां छात्र-छात्राओं को राज्य-स्तरीय प्लेटफार्म मिलेगा। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को वित्तीय शिक्षा, कम्युनिकेशन स्किल, स्थानीय संभावनाएं आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## पूर्व पार्षद पर सरकारी भूमि बेचने का आरोप, दी तहरीर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी खण्ड गंगनहर हरिद्वार के जिलेदार आराजी द्वितीय ने कनखल थाने में तहरीर देकर भाजपा के पूर्व पार्षद सचिन अग्रवाल पर सरकारी जमीन को बेचने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।
पुलिस को दी तहरीर में उत्तरी खण्ड गंगनहर हरिद्वार के जिलेदार आराजी द्वितीय ने कहा कि बैरागी कैंप अंतर्गत सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश की भूमि है। यह भूमि कुंभ मेला के लिए आरक्षित है।

# दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल चुराने वाला आरोपित गिरफ्तार

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य तिराहे के पास त्रिवेणी मोबाइल कम्युनिकेशन की दुकान से बीते 17 दिसम्बर की रात्रि को शटर तोड़कर मोबाइल चुराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक पहले भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।
जानकारी के अनुसार बीते 17 दिसम्बर को त्रिवेणी मोबाइल कम्युनिकेशन के मालिक सुशील



सिंह ने थाना गोपेश्वर में तहरीर दी कि उसकी दुकान से 16-17 दिसम्बर की रात्रि को कुछ मोबाइल चुरा लिये गये हैं। तहरीर पर थाना गोपेश्वर में मामला पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम की ओर से सर्विलांस सेल की मदद से सुराग लगाते हुए जोशीमठ के तपोवन के भंग्यूल गांव निवासी 21 वर्षीय देवेंद्र लाल को बुधवार की देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपित मोबाइल बेचने के लिए हरिद्वार जाने की तैयार करते हुए पोखरी बैंड से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास से अलग-अलग कंपनियों के सभी मोबाइल बरामद कर लिये गये हैं। जिनकी कीमत दो लाख रुपये के आसपास है।
२पुलिस के अनुसार आरोपित आदतन अपराधी किस्म का है और पूर्व में भी कर्णप्रयाग और जोशीमठ कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

# अवधेशानंद के आचार्य पीठ पर पदस्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महोत्सव 24 से



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के आचार्य पीठ पर पदस्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर त्रिदिवसीय दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
24 से 26 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने बताया कि 24 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। साथ ही धर्मसभा संत समागम आयोजित होगा। इसी दिन सायंकालीन सत्र में 5 बजे से महाभारत सीरियल में भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता नीतिश भारद्वाज द्वारा चक्रव्यूह का नाट्य मंचन किया जाएगा।25 दिसम्बर को महोत्सव में देश के सभी पंथों के प्रमुख, आचार्य, विद्वानों की उपस्थिति में धर्मसभा का आयोजन होगा। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। सांयकाल सुप्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी द्वारा स्वरांजली की प्रस्तुति दी जाएगी।महोत्सव के अंतिम दिन भगवान दत्त जयंती पर पुनः प्रातकालीन सत्र में धर्मसभा का आयोजन होगा। सांयकालीन सत्र में पद्मश्री प्रतिभा प्रह्लाद व समूह द्वारा वीरांगनाओं के जीवन पर आधारित वॉरियर वूमन्स ऑफ भारत प्रस्तुत किया जाएगा। इस दिन प्रथम सत्र में हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह मौजूद रहेंगे।

# भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास की भूमि पर मालिकाना हक दिए जाने की मांग

**ज्ञापन**

**8 भोटिया जनजाति समुदाय के लोगों ने चमोली जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
ज्ञापन में भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास के पड़ाव तथा राजकीय भूमि पर बने उनके भवन और भूमि का मालिकाना हक दिये जाने की घोषणा को धरातल पर उतारे जाने की मांग की है।
नीती घाटी के कागा के प्रधान पुष्कर सिंह राणा, धीरेंद्र गडोरिया, पीताम्बरी देवी का कहना है कि 18 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री की ओर से चमोली जिले के बदरीनाथ विधानसभा में आगमन के दौरान



घोषणा की गई थी कि भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास के पड़ाव तथा राजकीय भूमि पर बने उनके भवनों और भूमि पर उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। जिस पर जिलाधिकारी की ओर से सभी तहसीलदारों को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गये थे।
जिसका सर्वे भी किया गया, लेकिन अभी तक उन्हें मालिकाना हक दिए जाने की कार्रवाई नहीं हो पायी है। जबकि इस बार फिर से भोटिया जनजाति के लोग अपने शीतकालीन प्रवास वाले स्थानों पर पहुंच गये है।
उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव भी है यदि इससे पूर्व उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है तो घाटी में निवास करने वाले जनजाति समुदाय के लोगों को चुनाव बहिष्कार के लिए बाध्य होना पड़ेगा। लिहाजा सरकार से उनकी मांग है कि समय रहते हुए भूमि पर मालिकाना हक दिये जाने की मांग पर

